कामधेनू लिमिटेड ने लांच किया कामधेनू नेक्स्ट

लखनऊ। फुल-स्केल वन स्टॉप होम बिल्डिंग मैटेरियल कंपनी कामधेनू लिमिटेड ने राजधानी में शनिवार को नेक्स्ट जेरनेशन हाई-ऐंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार कामधेनू लांच किया है। कामधेनू लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल, राधे राधे इस्पात प्रालि के नवीन जैन और विजय जखोडिया ने बताय कि कामधेनू नेक्सट एक अभिनव उत्पाद है, जिसमें यह क्षमता है कि वह ढाई गुना मजबूत कंक्रीट व स्टील इंटरलॉक प्रदान करते हुए नए इंजीनियर्ड रिइन्फोर्समेंट ढांचों और स्मार्ट वास्तुशिल्पीय कॉन्सेप्ट्स को और अधिक मजबूत बना सके। बताया कि कंक्रीट के साथ सबसे मजबूत बॉन्ड कायम करने वाले स्टील बार की आवश्यकता को देखते हुए कामधेनू नेक्सट विकसित किया गया है, यह न केवल तकनीकी रूप से उन्नत है बल्कि ग्राहकों की किफायत संबंधी अपेक्षाओं पर भी खरा उतरता है। बताया कि अगर यूपी में उद्योगों के लिए कोई योजना बनती है तो वे कामधेनु कंपनी का विस्तार करेंगे। बताया कि प्रदेश सरकार इस दिशा में काम कर रही है। तमाम कंपनियों की निगाहें प्रदेश सरकार की योजनाओं पर हैं।